श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
11.02.2025
माघ शुक्लपक्ष चतुर्दशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 168

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:34 बजे
अस्त - 05:44 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

युवा पत्रकार आशुतोष रंजन नहीं रहे >> पेज 03
'सनम तेरी कसम' का शानदार प्रदर्शन >> पेज 04

### सुविचार

जो समय के साथ बदलता है, वह सदैव उन्नति करता है।

### न्यूज अपडेट्स

**महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन पलटा, तीन की मौत**

**हजारीबाग।** प्रयागराज कुंभ मेले से स्नान कर लौट रहे हो श्रद्धालुओं की बोलेरो वाहन हजारीबाग के चरही के बिरसा मैदान के पास सोमवार सुबह दुर्घनाग्रस्त हो गई। इसमें तीन महिलाओं की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि पांच महिला समेत चालक घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही चरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। वहीं घायलों को भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आशा देवी,संजू देवी, सोनी देवी की मौत हो गई है। तीनों रांची निवासी है। घायलों में रंजू देवी, उमा देवी, बुंडू, पुनीता देवी, अंशिता देवी मांडर रांची और ज्योति देवी रांची की बतायी गयी है।

**धीरे धीरे बढ़ेगी मौसम की तपिश**

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य भर में मौसम की तपिश धीरे-धीरे बढेगी। अधिकतम तापमान में बढोत्तरी होगी, जिससे दिन में गर्मी का एहसास होगा। हालांकि शाम में फिलहाल कनकनी अधिक रहेगी। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिकतम तापमान सरायकेला में 34.3 डिग्री, जबकि सबसे कम तापमान चतरा में 7.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री और न्यूनतम 10.6 डिग्री, जमशेदपुर में 31 और 10.4, डालटेनगंज में 31.1 और 9.5 डिग्री, बोकारो में 30.2 और 9.5 डिग्री, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 33.4 और 10.6 डिग्री और देवघर में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**उद्योग** राज्य में उद्योग लगाने के लिए दें बेहतर माहौल : मुख्य सचिव

# 28306 करोड़ होगा निवेश

**रांची।** राज्य में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास रंग पकड़ने लगा है। पिछले सप्ताह कोलकाता में संपन्न इंवेस्टर मीट में मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28 हजार 306 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेशक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाई लगाने के लिए इच्छुक हैं। इनमें से कुछ के प्रस्ताव स्वीकृत भी किये जा चुके हैं। इन प्रस्तावों से राज्य में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार 823 लोगों को रोजगार मिलेगा।




मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उद्योग निदेशालय को राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सिंगल विंडों सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बना कर हम झारखंड में जहां नये उद्योगों को आकर्षित कर सकते हैं, वहीं पहले से चल रहे उद्योगों को नई उर्जा दे सकते हैं। उद्योग निदेशालय को अपनी क्षमता में वृद्धि करने और कमियों को दूर करने पर बल देते हुए उन्होंने राज्य के संसाधन आधारित उद्योगों पर फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देश का 80 प्रतिशत तसर का उत्पादन करने वाला झारखंड आज भी ज्यादातर ककून बेच रहा है, जबकि राज्य में ही ककून का वैल्यू एडिशन कर तैयार माल का वितरण और विपणन किया जा सकता है। उन्होंने विजन के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर दिया। मुख्य सचिव सोमवार को उद्योग निदेशालय के साथ हाई पावर कमिटी की बैठक कर रही थीं।

### ये करेंगे निवेश

झारखंड में सबसे अधिक 8,485 करोड़ रुपये का स्टील और पावर प्लांट सरायकेला के निमडीह में लगाने का प्रस्ताव एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड की ओर से मिला है। वहीं वोलटॉक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने चाकुलिया में रेलगाड़ी का चक्का और वंदे भारत के डिब्बे बनाने के लिए 3967.84 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव झारखंड सरकार को समर्पित किया है। इसी तरह लक्ष्मी मेटालिक्स लिमिटेड ने स्टील और पावर प्लांट के लिए 3,800 करोड़, सुप्रीम मेटल्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने स्टील उत्पादन के लिए 2,976 करोड़, द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने 1,270 करोड़, जय सस्पेंशन लिमिटेड ने 250 करोड़, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने 500 करोड़, गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड ने 1,050 करोड़, रामकृष्णा फॉर्जिंग लिमिटेड ने 173.44 और 139.58 करोड़, एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने चतरा में 1,600 करोड़ और हजारीबाग में 2,800 करोड़, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 1,070 करोड़ और स्कीकॉर्प मार्केटिंग वेंचर प्राइवेट लिमिटेड ने जूते बनाने वाले कपड़े के उत्पादन के लिए 2,25 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है।

**अंबिकापुर से आरा जा रही बस हरिहरगंज में पलटी, 24 यात्री जख्मी**

**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से यात्रियों को लेकर बिहार के आरा जा रही एक यात्री बस सोमवार अहले सुबह हरिहरगंज में पलट गई, जिससे लगभग 24 यात्री जख्मी हो गए। एक दर्जन की हालत गंभीर बताई गई है। इनमें से छह यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। हरिहरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी का प्रारंभिक इलाज किया गया। किसी का पैर टूट गया है तो किसी के सिर में गंभीर चोट आई है। जख्मी ज्यादातर यात्री बिहार के रहने वाले हैं। घटनास्थल पर चीख पुकार मची रही। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। चालक मौके से फरार बताया जाता है। बस स्लीपर थी। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे 139 पडवामोड- औरंगाबाद मुख्य पथ पर सोमवार सुबह अंबिकापुर से शिवम बस यात्रियों को लेकर बिहार के आरा जा रही थी।

## राष्ट्रपति का रांची दौरा 14 को

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर 14 फरवरी को रांची आ रही हैं। वह 15 फरवरी को वापस दिल्ली लौट जाएंगी। इस दौरान वह बीआइटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति के रांची आगमन पर तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति के दौरा के दौरान पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रखें। जहां जरूरी हो, विभाग एक दूसरे से समन्वय बना कर तैयारियों को पुख्ता करें। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव



ने आबाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया। वहीं एयरपोर्ट के निदेशक को हवाईअड्डा पर वीआईपी लाउंज को व्यवस्थित रखने को कहा। इस दौरान राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। राष्ट्रपति के आगमन के दौरान स्वागत के लिए बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, कारकेड, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन और आवासन की व्यवस्था, विद्युत और ध्वनि विस्तारक की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल और आवासन स्थल पर मेडिकल व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, आवागमन मार्ग को दुरुस्त करना सहित कई अन्य जरूरी व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की गयी।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं आज से, तैयारियां पूरी

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से ली जाने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो जाएंगी। ये परीक्षाएं तीन मार्च तक चलेंगी। इन परीक्षाओं को लेकर जैक और जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी।




उल्लेखनीय है कि राज्य भर में दोनों परीक्षाओं के लिए कुल 2100 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें मैट्रिक के लिए 1305 और इंटर के लिए 795 परीक्षा केंद्र शामिल है। राज्य के सभी जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन की ओर से निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जैक की ओर से बताया गया है कि परीक्षार्थी केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले पहुंच जाएं। साथ ही परीक्षार्थियों से अपने साथ एडमिट कार्ड और स्कूल आईडी कार्ड लेकर अनिवार्य रूप से आने को कहा गया है।

परीक्षार्थियों से केंद्र पर नीले या काले रंग वाले बॉल पेन, पेंसिल, स्केल, इरेजर, शार्पनर ले जाने को कहा गया है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस ले जाने की मनाही की गई है। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस वर्ष परीक्षा में 7,83,711 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं। वहीं पिछले वर्ष 2024 की तुलना में, मैट्रिक में 12,208 और इंटर के तीनों संकायों में परीक्षार्थियों की संख्या 5,267 बढ़ी है।

## महाकुंभ में पहली बार हुई कन्यादान की रस्में, वैदिक मंत्रों व मंगल गीतों की गूंज

# महाकुंभ में संगम तीरे 105 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**यूपी, एमपी, बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड के जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ**

**शाश्वत परंपरा की साक्षी बनी 144 साल बाद आई शुभ घड़ी और दिव्य महाकुंभ**

महाकुंभ नगर से नीलू चौबे



**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ के सेक्टर-8 में श्रीत्रिदंडी जीयर स्वामीजी महाराज के शिविर में श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य व मंगलानुशासन में सोमवार को भव्य विवाह समारोह का आयोजन हुआ। संगम तीरे पवित्र अग्नि के समक्ष 105 जोड़ों ने सात फेरे लिए, पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रों एवं मंगल गीतों की दिव्य गूंज सुनाई दी। दहेज मुक्त विवाह के इस पावन क्षण में हजारों श्रद्धालु साक्षी बने और पूरे माहौल में वैदिक मंत्रों व मंगलगीतों की ध्वनि गूंज सुनाई दी।

गंगा की लहरों पर बहती वैदिक ऋचाओं की ध्वनि, यज्ञ की पावन अग्नि से उठती सुगंध और मंगलगीतों की मधुर स्वर लहरियां महाकुंभ के इस दिव्य क्षण में जैसे पूरी सृष्टि विवाह की इस पावन बेला की साक्षी बन गई हो। सजे-धजे मंडप में जब 105 नवयुगल वैवाहिक बंधन में बंधे। यह भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्यों का एक अद्भुत उत्सव था। यह विवाह केवल दो आत्माओं का मिलन नहीं, बल्कि समाज में एक नई चेतना का जागरण भी था, जहां प्रेम, समर्पण और सादगी की लौ प्रज्वलित हो रही थी और दहेज जैसी कुरीतियों की अंधकारमयी छाया मिट रही थी। 144 वर्षों बाद महाकुंभ में आया यह शुभ संयोग मानो स्वयं कालचक्र ने समाज को एक नई दिशा देने के लिए रचा हो।

आध्यात्मिकता और सामाजिक सुधार का संगम बने महाकुंभ में सोमवार को ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। देश के विभिन्न राज्यों से आए 105 वर-वधुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दहेजमुक्त विवाह की पवित्र रस्में निभाईं। कन्यादान की इस अनूठी परंपरा के हजारों श्रद्धालु, संत और समाजसेवी साक्षी बने।

इस विषय में स्वामी जी महाराज के मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि बिहार, झारखंड, यूपी, एमपी, छत्तीसगढ़ आदि जगहों के 105 जोड़ों ने पूज्य स्वामी जी महाराज के समक्ष अग्नि के समक्ष फेरे लिए। यह एक अद्भुत क्षण था जिसको देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे हुए थे। सभी जोड़ों ने पूज्य स्वामी जी महाराज के समक्ष अपने जीवन में सनातन धर्म के अनुसार मयार्दा पूर्वक जीवन जीने का शपथ लिया और उनको अपना गुरु माना। जितने भी लोग विवाह समारोह देखने के लिए आए थे सभी कार्यक्रम की प्रशंसा कर रहे थे। विवाह समारोह श्री अयोध्यानाथ स्वामीजी के देखरेख में संपन्न हुआ। श्री मुक्तिनाथ स्वामीजी, श्री वैकुंठनाथ स्वामीजी एवं श्री चतुर्भुज स्वामीजी भी सब कुछ व्यवस्थित करने में जुटे हुए थे। सभी दूल्हा-दुल्हन एक दिन पहले पहुंच गए थे। एक तरफ वैदिक मंत्रोंचार हो रहे थे तो दूसरी तरफ हजारों माताएं बहनें चारों तरफ से मांगलिक गीत गा रही थीं और हजारों लोग जयकारे लगा रहे थे।

# सविमं के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक को पलामू विभाग में मिला उत्कृष्ट प्रधानाचार्य का अवार्ड



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** विद्या विकास समिति की ओर से 5 से 8 फरवरी तक गुमला में आयोजित प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक को उत्कृष्ट प्रधानाचार्य का अवार्ड प्रदान किया गया है। झारखंड प्रांत में संचालित विद्या भारती के विद्यालयों में से 11 विद्यालयों के प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया। जिसमें पलामू विभाग में उत्कृष्ट प्रधानाचार्य के अवार्ड के लिये श्री बंशीधर नगर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक का चयन विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा किया गया। इस पर झारखंड प्रांत के संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, प्रांत प्रचारक गोपाल जी, अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री खयालीराम जी, विद्या विकास समिति के प्रदेश मंत्री बृजेश कुमार सिंह, सह मंत्री डॉ पूजा जी, विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, विभाग प्रचारक शम्मी जी, पूर्व प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार तथा संपूर्ण पूर्णकालिक कार्यकर्ता झारखंड प्रांत के समस्त प्रधानाचार्य बंधु भगिनी के समक्ष रविकांत पाठक को उतर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम जी द्वारा उत्कृष्ट प्रधानाचार्य का अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। उधर विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सह सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि श्रीमती शशिकला ने खुशी प्रकट करते हुये प्रधानाचार्य को बधाई के साथ शुभकामनाएं दी। साथ ही अपने कार्यों में निरंतर दक्षता बढ़ते रहे और इस विद्यालय का पहचान झारखंड के अंतर्गत हो इसके लिये निरंतर कार्य योजना बनाकर कार्य को गति देने की कामना की।

**न्यूज अपडेट्स**

## फाईलेरिया की एल्वेन्डाजोल दवा खाने के बाद सात बच्चे बीमार

**कांडी :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां में पढ़ने वाले लगभग सात बच्चे सोमवार को फाईलेरिया की एल्वेन्डाजोल दवा खाने के बाद बीमार हो गये। तबियत खराब होने के बाद इलाज के लिये 108 एम्बुलेंस के माध्यम से रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया। इलाज के बाद सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और एम्बुलेंस से वापस स्कूल लौट गये। बच्चों के बीमार होने की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंच कर स्थिति का पता लगाया। सभी बच्चों को स्वास्थ्य सहिया आशा देवी के द्वारा दवा खिलाई गयी थी। स्कूल के हेडमास्टर दुर्गा राम ने बताया कि बच्चों को 10 से 10:39 बजे के बीच दवा खिलायी गयी थी। बच्चों का तबियत 1 बजे दोपहर के बाद खराब होने लगी। बच्चे चक्कर आने और जी मिचलाने की शिकायत करने लगे। कुछ बच्चे मुर्छित होने की तरह हो गये। जिसके बाद सभी बच्चों को इकाज के लिये एम्बुलेंस से मझिआंव लेकर गये। जिन बच्चों की तबियत खराब हुई थी उनमें अनिता कुमारी, दुर्गा कुमारी दोनों वर्ग 6, निक्की कुमारी, अंकिता कुमारी दोनों वर्ग 2, प्रियंका कुमारी, सुनीता कुमारी दोनों वर्ग 5 और दुर्गा कुमारी वर्ग 4 शामिल है।

**गढ़वा** ▶ **शॉर्ट सर्किट से खपरैल मकान में लगी भीषण आग**

# सामान जलकर खाक

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव/बरडीहा :** थाना क्षेत्र के ओबरा पंचायत के बभनी गांव में एक गरीब व्यक्ति रामजी रजवार के खपरैल मकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट लगने के कारण खपरैल मकान में भीषण आग लग गई। वहीं आग की जानकारी मिलते ही किसान संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पुष्प रंजन मेहता मौके पर पहुंचकर लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने का काम किया। वहीं पूछे जाने पर पुष्प रंजन मेहता ने बताया कि घर में आग लगते देख वहां पहुंचे उसके बाद फायर ब्रिगेड, बीडीओ एवं थाना प्रभारी को टेलीफोन की जानकारी दी। उसके बाद ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का काम किया। उन्होंने कहा कि राम जी रजवार बिल्कुल गरीब व्यक्ति है और लगभग एक दर्जन सदस्य हैं उन्हें सरकारी लाभ अवश्य



मिलना चाहिये। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने तुरंत अपने थाना एएसआई पीपी एक्का एवं पुलिस बल को बभनी गांव भेजा और फिर विकेट की सूचना दी।

वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए राम जी रजवार ने बताया कि हम लोग घर पर ही थे। बिजली के तार बिजली मीटर से घर में खींचा हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट लगने के कारण देखते ही देखते आग पकड़ लिया फिर उसके बाद शोरगुल करने के बाद काफी संख्या में लोग जुट गये और जो जिधर से जुटा ऊधर से पानी डालकर आग पर किसी तरह बुझाया। लेकिन देखते ही देखते घर सहित खाने-पीने की सामग्री और बिछावन सहित खटिया चौकी,अनाज, चावल, गेहूं, कुछ पैसा, मोबाईल जलकर राख हो गये। वहीं घर और घर सामग्री जल जाने पर लोगों का रो-रोकर पूरा हाल है और परिजनों का कहना है कि अब हम लोग कैसे जीवन यापन कैसे करेंगे। और कहां रहेंगे। वहीं लोगों ने कहा कि इस घर में हम लोग 15 सदस्य रहते थे और हम लोग कैसे रहेंगे। उन्होंने मदद के लिए जन्म प्रतिनिधि सहित अधिकारियों से मांग किया है। इधर इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आग बुझाने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। इधर इस संबंध में प्रभारी बीडीओ सह सीओ ने कहा कि गरीब परिवार को हर संभव मदद की जायेगी।

## छतरपुर में तीन स्वास्थ्य केन्द्रों पर छापेमारी, पदाधिकारियों को देख गायब हो गये संस्थानकर्मी

**पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का उलंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी**

**मेदिनीनगर :** डीसी के निर्देश पर गठित टीम ने छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में निर्धारित मानकों के विरुद्ध संचालित तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर बड़ी कार्रवाई की है। तीनों संस्थानों के संचालकों के विरूद्ध उपाधीक्षक-सह-छतरपुर अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने शो-कॉज करते हुये 48 घंटे के अंदर विस्तृत स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया है। दरअसल डीसी-सह-पीसी एंड पीएनडीटी के अध्यक्ष शशि रंजन के निर्देश पर छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार के नेतृत्व में छतरपुर के सरईडीह रोड में संचालित वर्मा हॉस्पीटल, मॉ ललिता हॉस्पीटल व खुशी अल्ट्रासाउण्ड में छापेमारी की गई। वर्मा हॉस्पीटल में छापेमारी के दौरान अस्पताल का निबंधन वैधता समाप्त पाई गयी। वहीं अयोग्य बीडीएस डॉ सुनिल वर्मा( दांत के डॉक्टर ) के द्वारा मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा था। वहीं ऑपरेशन के पूर्व मरीजों से लिये जाने वाले घोषणा पत्र तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का संधारण लगभग न के बराबर किया जा रहा था। इतना ही नहीं निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई भी रजिस्टर्ड डॉक्टर नहीं पाये गये। जांच से स्पष्ट हुआ कि अस्पताल का संचालन बिना वैध दस्तावेज तथा रजिस्टर्ड डॉक्टर के किया जा रहा है। साथ ही बिना योग्य डॉक्टर के मरीजों का ऑपरेशन करते हुए आवश्यक दस्तावेजों का संधारण भी नहीं किया जा रहा है। मॉ ललिता हॉस्पीटल में निरीक्षण के दौरान अस्पताल का निबंधन वैद्यता समाप्त पाई गयी। साथ ही भर्ती मरीजों से संबंधित दस्तावेजों का संधारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा था। वहीं पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउण्ड किये जाने वाले लाभार्थियों के दस्तावेजों का संधारण सही ढंग से नहीं किया गया था। छतरपुर के सरईडीह रोड में ही स्थित खुशी अल्ट्रासाउण्ड कक्ष निरीक्षण करने पहुंचे पदाधिकारियों को दूर से आते देख जांच केन्द्र के कर्मीगण जल्दबाजी में केन्द्र बंद कर गायब हो गये। टीम में एसडीओ के अलावा छतरपुर सीओ व छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शामिल थे।

## भ्रष्टाचार पर अंकुश लगायें डीसी साहब : कांग्रेस

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक कांग्रेसियों ने स्वहस्ताक्षर युक्त मांगपत्र डीसी को सौंपकर जिले में सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की है। मांग पत्र में बताया गया है कि जिले के अंचल व प्रखंड कार्यालयों में घूसखोरी चरम पर है। बिना घूस लिये अचंल कार्यालय में जमीन का म्यूटेशन या ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा रहा है। इसके अलावे किसानों का धान पैक्स में सीधे



नहीं खरीदा जा रहा है। बिचौलिये के माध्यम से पैक्सों में धान की खरीदगी की जा रही है। किसान जब अपना धान लेकर पैक्स में पहुंचते हैं तो उन्हें कोई ना कोई बहाना बनाकर लौटा दिया जाता है। जबकि पैक्स संचालकों की मिली भगत से बिचौलिये धान बेच रहे हैं। कांग्रेसियों ने बताया है कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वहां के थाना प्रभारी की मिलीभगत से बालू का अवैध उठाव व बिक्री धड़ल्ले से किया जा रहा है। मांग की गयी है कि भ्रष्टाचार में लिप्त पदाधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिये और जरूरतमंद गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार के लोगों के लिये बालू की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

## अभाविप ने फूंका राज्य सरकार का पुतला

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के समक्ष राज्य सरकार का पुतला दहन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ला ने किया। संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव ने किया। मौके पर छात्र नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना काल के बाद पहली बार पिछले दस दिनों से कुलपति का नहीं होना



दुर्भाग्यपूर्ण है। कुलपति नहीं होने से छात्रों के बीच असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। छात्रों एवं शिक्षकों के कई कार्य लंबित हैं। प्रदेश छात्रावास संपर्क प्रमुख रामाशंकर पासवान ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार की ढुलमूल रवैया का यह परिणाम है। प्रदेश छात्रा सह प्रमुख दीक्षा कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता व्याप्त है। परीक्षा विभाग में कई परीक्षाएं लंबित हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं राज्य सरकार अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें। इस अवसर पर जिला संयोजक नीतीश दुबे, जिला सोशल मीडिया संयोजक राजन कश्यप, रजनीकांत मिश्रा, हिमांशु कौशल सोनी, प्रमंडल कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, चैनपुर नगर मंत्री अमन गुप्ता, शुभम तिवारी, राहुल कुमार, शुभम सिंह, विकास प्रजापति, राहुल राज, मधुसूदन, बलवंत यादव, राजीव कुमार, राजेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, सरवन कुमार यादव, रोहित कुमार प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 आज से**

# पीएम श्री राजकीय मवि केतार में शामिल होंगे 432 परीक्षार्थी

बंशीधर न्यूज

**केतार :** पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 में 432 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली में आयोजित होने वाली परीक्षा में इस केंद्र पर प्रखंड के कुल दो उच्च विद्यालय का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें प्लस टू उच्च विद्यालय छाताकुड़ के 215 परीक्षार्थी और प्लस टू उच्च विद्यालय परसोडीह के 217 परीक्षार्थी शामिल होंगे।




केंद्राधीक्षक मोहम्मद मोकारिम और उपकेंद्राधीक्षक देवेन्द्र कुमार ने बताया कि परीक्षा की तैयारी विभाग द्वारा जारी गाईडलाईन के अनुसार पूरी कर ली गई है। परीक्षा केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा के दौरान केतार बीडीओ सह सीओ प्रशांत कुमार प्रशासन के साथ मौजूद रहेंगे। दसवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण कराने को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। घनश्याम गुप्ता को दंडाधिकारी, तेरेखा बाखला को प्रवेक्षक, पुलिस दल में एएसआई वेंकटेश शर्मा को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस केंद्र पर 11 फरवरी को वोकेशनल विषय में 103 विद्यार्थी, 18 फरवरी को हिंदी भाषा में 432 विद्यार्थी, 19 फरवरी को संगीत में 015 विद्यार्थी, 20 फरवरी को विज्ञान में 432 विद्यार्थी, 22 फरवरी को संस्कृत में 432 विद्यार्थी, 25 फरवरी को सामाजिक विज्ञान में 432 विद्यार्थी, 28 फरवरी को अंग्रेजी में 432 विद्यार्थी, 03 मार्च को गणित में 432 विद्यार्थी शामिल होगें।

## पराक्रम शौर्य और समृद्धि का प्रतीक है आदिवासी महाकुंभ मेला : अविनाश देव



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** कुंभ से एक बूंद अमृत गिरा तो प्रयागराज में महाकुंभ लग गया। राजा मेदिनीराय के घर घर मथनिया चलने से न जाने कितना अमृत छलका होगा। उक्त बातें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कही। उन्होंने कहा कि पलामू वीरों की धरती रही है और नीलांबर पीतांबर यहां के अमर बलिदानी योद्धाओं ने अपनी बेशकीमती शहादत दी। उन वीर शहीदों और प्रतापी राजा मेदिनीराय की याद में झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने दूरगामी सोच के साथ आदिवासी महाकुंभ मेला का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक मेला का चश्मदीद गवाह मै भी बनूंगा।



# अनुमंडल को फाईलेरिया मुक्त बनाने में सबकी भागीदारी जरूरी : डॉ सुचित्रा

## अनुमंडल अस्पताल में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** अनुमंडल अस्पताल में सोमवार को फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फाईलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ बीडीओ रौशन कुमार एवं अनुमंडल अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। उस मौके पर उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने कहा कि यह कार्यक्रम 10 फरवरी से आगामी 25 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर अनुमंडल को फाईलेरिया मुक्त बनाने में सबकी भागीदारी जरूरी है। फाईलेरिया से बचाव के लिये सभी को दवा खाना है। उन्होंने स्वयं दवा खाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों को भी दवा खिलाया गया। उन्होंने कहा कि 11फरवरी से घर घर जाकर फाईलेरिया रोधी दवा खिलाया जायेगा। मौके पर प्रधान सहायक राजेश कुमार, एमटीएस विजय पाठक, प्रखंड लेखा प्रबन्धक राजीव रंजन, अनिता कच्छप, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, कौशलेश कुमार, अनिमेष राज, सुनील कुमार ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विपेश राज तामंग ने किया।

## न्यूज अपडेट्स

### जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान

**धुरकी :** धुरकी भाया खाला अंबाखोरेया मुख्य सड़क से खाला मध्य विद्यालय तक पांच किलोमीटर सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। सड़क में लगाये गये गिट्टी व पत्थर के ऊपर निकल जाने से जहां लोगों को पैदल चलने में मुश्किलें हो रही हैं। वहीं वाहनों को चलने में भी काफी दिक्कत हो रही है। विदित हो कि इस सड़क का निर्माण वित्तीय वर्ष 2003-04 में प्रधानमंत्री सड़क ग्राम योजना के तहत हुआ था। तब से आज तक इस सड़क की मरम्मत नहीं होने से सड़क की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस सड़क पर प्रतिदिन काफी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। इस संबंध में ग्रामीण सुकृत राम, जयप्रकाश कुमार, सुधीर जायसवाल, सोनू कुमार, राम भरोसा राम, बसंत राम व गोविंद राम ने बताया कि इस सड़क को बनवाने को लेकर उन लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधि को आवेदन दिया है, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। सभी ग्रामीणों ने सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है।

### उप प्रमुख ने लिया प्रमुख का पदभार

**कांडी :** प्रखंड कार्यालय पर सोमवार को उप प्रमुख नारायण यादव ने प्रमुख का प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर उनके साथ प्रखंड के कई पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। प्रमुख कार्यालय के उद्घाटन के समय प्रमुख नारायण यादव ने कहा कि प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। गरीबों को अधिकार दिलाना व प्रत्येक पंचायत को एक समान विकास की गति देकर ऊर्जावान बनाऊंगा। साथ ही सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर आपसी सामंजस्य बनाकर हर बिंदु पर पहल कर समस्याओं का निदान किया जायेगा।

**शोक** अचानक बिगड़ी तबीयत, बाहर ले जाने का भी नहीं मिला मौका

# युवा पत्रकार आशुतोष रंजन नहीं रहे, शोक

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में लंबे समय तक कार्य करने वाले बिंदास न्यूज के संस्थापक युवा पत्रकार आशुतोष रंजन का निधन हो गया। उन्होंने सोमवार की शाम करीब 5 बजे अंतिम सांस ली। वे 40 वर्ष के थे।आशुतोष को पेट दर्द की शिकायत के बाद रविवार को गढ़वा के परमेश्वरी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे जिले के वरिष्ठतम पत्रकार प्रियरंजन विनोद के पुत्र थे और मूल रूप से कांडी प्रखंड के अधौरा गांव के निवासी थे। उनके असामयिक निधन से परिजनों और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। सोशल मीडिया पर संवेदना प्रकट करने वालों में गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, घूरन राम, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, भाजपा के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश निरंजन सिन्हा, भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैया चौबे, उमेश कश्यप, आशीष दूबे उर्फ चिंटू दूबे, झामुमो के प्रवक्ता धीरज दूबे, चंदन जायसवाल, गढ़वा जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष दीपक सिन्हा, महासचिव धीरेंद्र चौबे, जितेंद्र सिंह, सुनील चौबे, संजीव शर्मा, नीलू चौबे, राधेरमण चौबे, विनय पांडेय, चंदन कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, राजा पांडेय, बलराम शर्मा व पत्रकारिता जगत के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाले और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भी गहरी संवेदना प्रकट की है। रविवार को पेट दर्द की शिकायत के बाद आशुतोष को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के बाद वे घर लौट आये थे। बाद में उनकी तबीयत फिर बिगड़ने पर उन्हें निजी चिकित्सक से दिखाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुये परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में भर्ती किया गया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिये बाहर ले जाने की सलाह दी थी, लेकिन इससे पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, लेकिन बताया जा रहा है कि वे वर्ष 2023 में सीएमसी वेल्लोर में शल्य चिकित्सा करा चुके थे और वहीं से उनका इलाज चल रहा था।

### पत्रकारिता में दो दशक का शानदार सफर

तेज तर्रार युवा पत्रकार आशुतोष रंजन ने पत्रकारिता के दो दशक से अधिक के सफर के दौरान दैनिक हिंदुस्तान, सहारा समय के साथ जुड़कर पत्रकारिता की और बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय होकर अपने यूट्यूब चैनल 'बिंदास न्यूज' के माध्यम से बड़ी पहचान बनाई। वे हमेशा बड़ी घटनाओं और संवेदनशील मुद्दों पर अपनी बेबाक रिपोर्टिंग के लिये जाने जाते थे। शब्दों की जादूगरी का कमाल और तुकबंदी के लिये भी जाने जाते थे। उनके निधन से क्षेत्रीय मीडिया को अपूरणीय क्षति हुई है। युवा पत्रकार के असामिक निधन की खबर गढ़वा शहर सहित पूरे जिले में फैल गई। सोशल मीडिया के साथ अस्पताल में पहुंच कर बड़ी संख्या में लोगों ने संवेदना प्रकट की तथा परिजनों को ढांढस बंधाया।

### पैतृक गांव अधौरा में होगा अंतिम संस्कार

आशुतोष रंजन के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव कांडी प्रखंड के अधौरा ले जाया गया। जहां मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## हाथियों का आतंक जारी, 38 वर्षीय युवक को कुचलकर मारा



**रंका :** चिनियां वन क्षेत्र के चिरका गांव स्थित कुम्हार टोला के बगल में नहर पुल से कुछ दूर तेतु सिंह के घर के पास जंगली हाथी ने तेतू सिंह के 38 वर्षीय पुत्र राजकुमार सिंह उर्फ मधु सिंह को रविवार रात पटक कर मार डाला। बताया जाता है कि राजकुमार सिंह चिरका गांव के तेतर टोला की ओर से अपने घर आने के दौरान जैसे ही अपने घर के पास पहुंचा कि घर से बाहर धान कुटवाने के लिये बोरा में भर कर रखा हुआ धान को पहले से खाते हुये छोड़ कर हाथी का नजर उस व्यक्ति पर पड़ा व उसे अपनी चपेट में ले लिया। इसकी जानकारी वन विभाग कर्मी को मिलने के बाद रात्रि में ही चिनिया पुलिस के साथ वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर हाथी द्वारा कुचल कर मरा हुआ युवक का शव को अपने कब्जे मे लेकर वन परिसर लाया। वहीं सोमवार सुबह शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा भेजा गया। वन विभाग ने परिवार वालों को तत्काल दाह-संस्कार के लिये 50 हजार रुपये नगद राशि दिया। प्रभारी वनपाल ने वरिय पदाधिकारी के निर्देश पर सरकारी प्रावधान के तहत 4 लाख रुपये मुआवजा राशि देने कि बात कही। मौके पर वनपाल अनिमेष कुमार, प्रेमचंद दास, हेमंत तिर्की, राधेश्याम, नवीन कुमार राणा, कासिम हुसैन आदि लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर गुरुकुल की जर्जर छत बनी खतरा, हादसे का खतरा



**भवनाथपुर :** क्षेत्र के प्रतिष्ठित भवनाथपुर गुरुकुल की छत जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्यालय के प्राचार्य ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गुरुकुल प्रशासन के अनुसार यह संस्थान अब तक 1368 छात्रों को प्रशिक्षण देकर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में नौकरी दिलाने में सफल रहा है। लेकिन वर्तमान में इमारत की खराब हालत के कारण छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। विद्यालय की छत में कई जगह दरारें आ गई हैं, जिससे बारिश के दौरान पानी टपकता है और दीवारें भी कमजोर होती जा रही हैं। विद्यालय के प्राचार्य बृजकिशोर सिंह ने बताया कि उन्होंने डीसी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा हमारी संस्थान छात्रों के भविष्य को संवारने के लिये समर्पित है, लेकिन इस जर्जर भवन में काम करना मुश्किल होता जा रहा है। प्रशासन को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिये।

## रेल मंत्री से मिले सांसद वीडी राम, रेल यात्री सुविधाओं पर की चर्चा

बंशीधर न्यूज



**पलामू :** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र में यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं रेलवे योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में रेल मंत्री ने कई महत्वपूर्ण मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाया। सांसद विष्णु दयाल राम ने जानकारी देते हुए बताया कि रेल मंत्री ने त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ करने या उसके स्थान पर लखनऊ तक जाने वाली एक नई ट्रेन संचालित करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई। साथ ही रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18635/18636) में यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए 1 एसी चेयर कार एवं 3 सामान्य कोच की संख्या बढ़ाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिले के डाली, कजरात नावाडीह, लहरबंजारी और गढ़वा जिले के कुंभी मेराल में लो हाइट सबवे के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। इसकी जानकारी पलामू सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी है।

## डीसी ने एमडीए कार्यक्रम का किया शुभारंभ, कहा

# गढ़वा को फाईलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग दें

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में सोमवार को फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत होने वाले एमडीए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी शेखर जमुआर ने दीप जलाकर किया। इस दौरान डीसी के साथ-साथ सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद द्विवेदी, वार्डेन अनूपा तिर्की व पिरामल फाउंडेशन की टीम ने फाईलेरिया रोधी दवा खाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षक और छात्राओं ने भी दवा खिलाया गया। उस मौके पर डीसी ने बच्चियों को संबोधित करते हुये दवा खाने के लिये प्रेरित किया। कहा कि जिले के सभी लोग दवा खाकर इस कार्यक्रम को सफल बनायें और गढ़वा को फाईलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग दें। उन्होंने सीएस को जिलास्तरीय पर्यवेक्षण दल द्वारा सघन मूल्यांकन और पर्यवेक्षण कराये जाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी ब्लॉक में एमडीए कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएस व भीबीडी कंसल्टेंट ने फाईलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत आज से हो रही है, इस कार्यक्रम का शुभारंभ आज विभिन्न बूथों पर दवा खिलाकर किया जा रहा है। 11 से 25 फरवरी तक सहिया/सेविका द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, अत्यधिक बीमार व्यक्ति और गर्भवती महिला को दवा का सेवन नहीं करना है। फाईलेरिया जैसे रोग से सिर्फ दवा खाकर ही बचा जा सकता है। सभी लोग दवा जरूर खाएं, यह बिल्कुल सुरक्षित है। इस कार्यक्रम के आयोजन में पिरामल फाउंडेशन की सक्रिय भूमिका रही। मौके पर डीपीएम नीरज भगत, डीपीसी रोहित कुमार, भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद द्विवेदी, सतीश कुमार, मिथिलेश कुमार कुशवाहा, भीबीडी टीम और पिरामल टीम के साथ-साथ सभी शिक्षक कर्मी और बच्चियां उपस्थित थे।

# कोचिंग संस्थानों में छापेमारी




**मेदिनीनगर :** मंगलवार से इंटर और मैट्रिक की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इसे लेकर प्रशासन काफी चौकस है। एहतियात के तौर पर पलामू के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में छापेमारी भी की गयी है। छापेमारी में कुछ बरामद होने की सूचना नहीं है। छापेमारी के दौरान मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में आधा दर्जन कोचिंग संस्थानों की तलाशी ली गयी। जांच अभियान के दौरान कोचिंग के कागजातों की जांच की गयी है और संबंधित जानकारी जुटाई गयी। साथ ही मैट्रिक इंटर की परीक्षा को लेकर पूरे पलामू में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। इसबार पलामू के 76 कॉलेजों में मैट्रिक और 40 कॉलेजों में इंटर की परीक्षा होनी है। मैट्रिक के 34,665 और इंटर के विभिन्न संकायों में 32,597 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर उड़नदस्ता सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता व गश्ती दल पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के साथ प्रशासनिक बैठक कर कई बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार की गयी है। पलामू के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बताया कि मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। अगर किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई छात्र कदाचार करते पकड़ा गया तो संबंधित केंद्राधीक्षक पर भी कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। वहीं, मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर विभिन्न कोचिंग संस्थानों में छापेमारी की गयी है तथा कई बिंदुओं पर जांच की गयी है।



## री-रिलीज हुई फिल्म 'सनम तेरी कसम' का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन

हाल के दिनों में फिल्मों को दोबारा रिलीज करने का चलन काफी बढ़ गया है। इसी तरह अब इस ट्रेंड में अभिनेता हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' फिर से रिलीज हो गई है। 2016 में फ्लॉप हुई यह फिल्म अब सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। 'सनम तेरी कसम' सुपरफ्लॉप होने के बावजूद हिट बनने का रिकॉर्ड चौंकाने वाला है। बॉलीवुड में पिछले कुछ समय से फिल्मों को दोबारा रिलीज करने का चलन चल रहा है। इस अवधि के दौरान कई फिल्में पुनः रिलीज की गईं, लेकिन उनमें से कुछ ही बड़ा लाभ कमा पाईं। 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'लैला मजनू' बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल नहीं रही थी। पुनः रिलीज होने के बाद यह सफल रही। अब 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सनम तेरी कसम' को भी दोबारा रिलीज किया गया है। लगभग 9 साल बाद अभिनेता हर्षवर्धन राणे और अभिनेत्री मावरा होकेन अभिनीत यह फिल्म फिर से रिलीज हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'सनम तेरी कसम' ने अपनी री-रिलीज के पहले दिन यानी शुक्रवार को 4.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने दूसरे दिन करीब 5.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। तीसरे दिन 6 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके चलते दोबारा रिलीज के बाद इसकी कुल कमाई 15.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

## सेंसर बोर्ड ने विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' के कई डायलॉग बदले



विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को बड़ी स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है। इस फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशंसक वर्तमान में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, फिल्म के कलाकारों और भव्य सेट की सराहना कर रहे हैं। हालांकि, सेंसर बोर्ड ने निमार्ताओं को फिल्म रिलीज से पहले कुछ बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। कुछ जरूरी बदलावों के बाद अब 'छावा' की आधिकारिक रिलीज का रास्ता साफ हो गया है। जब 'छावा' का ट्रेलर रिलीज हुआ तो उसमें कई संवाद ध्यान खींचने वाले थे। 'मुगल सलतनत का जहर' को 'उस समय कई शाशक और सलतनत खुद को जिंदा रखने की कोशिश कर रहे थे।' इसके बाद 'खून तो आखिर मुगलों का ही है' डायलॉग को 'खून तो है औरंग का ही' से बदला गया है। इसके अलावा कुछ आपत्तिजनक शब्दों को म्यूट कर दिया गया है। इसके अलावा आयु संबंधी कुछ बदलाव भी किए गए हैं। सेंसर बोर्ड ने निमार्ताओं से कहा है कि वे फिल्म में एक ऑडियो-टेक्स्ट डिस्क्लेमर शामिल करें जिसमें उस उपन्यास का उल्लेख हो जिस पर यह फिल्म आधारित है। इससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि इसका उद्देश्य किसी को बदनाम करना या ऐतिहासिक तथ्यों को विकृत करना नहीं है।

## महाकुंभ : प्रयागराज पहुंचनेवाली सड़क पर लगा जाम



# राष्ट्रपति मुर्मु ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी



**महाकुम्भ नगर।** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचकर संगम में आस्था की डुबकी लगाई। संगम स्नान के बाद उन्होंने लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट धाम का दर्शन-पूजन किया। पूरे दिन के व्यस्त कार्यक्रम के बाद शाम को राष्ट्रपति दिल्ली लौट गईं।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत :** राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार करीब सुबह साढ़े नौ बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से राष्ट्रपति अरैल घाट पहुंचीं, जहां से क्रूज पर सवार होकर वह त्रिवेणी संगम पहुंचीं। इस दौरान राष्ट्रपति ने डेक पर खड़े होकर नौका विहार का आनंद भी लिया और अपने हाथों से पक्षियों को दाना खिलाया। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें महाकुम्भ के आयोजन और इससे जुड़ी अनेक व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी।

**विधिवत किया पूजन अर्चना :** त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सपरिवार विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले राष्ट्रपति ने सबसे पहले पूर्ण आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर पवित्र जल में फूल माला और नारियल अर्पित कर समस्त राष्ट्र की समृद्धि व शांति की मनोकामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उन्होंने पूरी आस्था के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम में पुष्प और नारियल अर्पित किया और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर प्रणाम किया। उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए एक के बाद एक कई बार पवित्र जल में डुबकी लगाई। साथ ही वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी का दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। राष्ट्रपति ने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहां मौजूद तीर्थ पुरोहितों ने कलावा बांधकर उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत उन्होंने अक्षयवट और सरस्वती कूप के दर्शन किए। बड़े हनुमान मंदिर के महंत और बाघंबरी पीठ के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि ने पूरे विधि विधान से पूजन संपन्न कराया और राष्ट्रपति को मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। बता दें, द्रौपदी मुर्मु देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने महाकुम्भ में स्नान किया। इससे पहले, 1954 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में स्नान किया था।

**वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट भेंट किये :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर राष्ट्रपति एवं उनके परिवार को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) भी उपहार स्वरूप भेंट किए।

**डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का किया अवलोकन :** आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी समर्थन दिया। वे डिजिटल महाकुम्भ अनुभूति केंद्र का अवलोकन करने पहुंचीं, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि देश-विदेश के श्रद्धालुओं को महाकुंभ के अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए इसे स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति ने स्वयं इसका अनुभव किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने उन्हें केंद्र की विशेषताओं से भी अवगत कराया।

**स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने भेंट की भगवान शिव की मूर्ति :** स्वामी चिदानन्द सरस्वी ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर संत समाज की ओर से राष्ट्रपति को भावनात्मक विदाई देते हुये उन्हें अंग वस्त्र, भगवान शिव की दिव्य मूर्ति और इलायची की माला भेंट की। इस अवसर स्वामी ने राष्ट्रपति के इस पवित्र आगमन ने भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रति उनके गहरे सम्मान के दर्शन पूरे विश्व को कराया है।

**सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ने साझा की भावनाएं :** संगम स्नान के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल के माध्यम से अपनी भावनाएं साझा करते हुए समूचे राष्ट्र की समृद्धि, सुख और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ के अलौकिक वातावरण में मां गंगा, यमुना और अंतःसलिला सरस्वती के पावन संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धा और विश्वास का यह विशाल समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत व जीवंत प्रतीक है। महाकुम्भ मानवता को एकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है। मां गंगा से मेरी प्रार्थना है कि वे सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के जीवन में सुख और शांति का संचार करती रहें।

## दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आज से

**मेदिनीनगर :** पर्यटन, कला,



संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 फरवरी 2025 से शुरू होगी। दुबियाखाड़ में आयोजित मेले की प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। डीसी शशि रंजन तैयारी की हरपल जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला को ऐतिहासिक बनाने को लेकर जिला प्रशासन वृहद तैयारी की है। मेला का उदघाटन समारोह में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग के मंत्री चमरा लिंडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के माननीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर होंगे। मेला को भव्य स्वरूप प्रदान करने को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने आज मेला स्थल का निरीक्षण कर वहां चल रहे तैयारियों का जायजा लिया। पदाधिकारियों ने भव्य मेला आयोजन का निदेश दिया। मेला में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के 40 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से संबंधित विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। साथ ही योजनाओं को लेकर जागरूक किया जायेगा।

Hit लिस्ट

## हवाई अड्डा को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंडिगो के एक विमान से सफाई के दौरान एक धमकी भरा पत्र मिलने से सनसनी फैल गई। पत्र में विमान को बम से उड़ाने की



धमकी दी गई है। धमकी का पत्र मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और जांच शुरू कर दी। विमान के यात्रियों को रोक कर उनकी हैंडराइटिंग के सैंपल लिए गए। अहमदाबाद हवाईअड्डे के सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह 9.20 बजे जेद्दा से अहमदाबाद पहुंची इंडिगो फ्लाइट से सभी यात्रियों के बाहर निकलने के बाद विमान की सफाई की जा रही थी। इसी दौरान सफाईकर्मी को हाथ से लिखा एक धमकी भरा पत्र मिला। तुरंत इसकी सूचना हवाईअड्डा प्राधिकरण और पुलिस को दी गई। पुलिस ने तुरंत सक्रियता से एफएसएल की सहायता ली है। सुरक्षा एजेंसियों ने हवाईअड्डे पर जांच शुरू करते हुए सभी यात्रियों को फ्लाइट से बाहर निकलाने के बाद उनके हस्ताक्षर व राइटिंग सैम्पल के नमूने लिये।

## मोदी फ्रांस-अमेरिका की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को



फ्रांस और अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। दो देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने और अमेरिका में अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने को लेकर उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री ने फ्रांस और अमेरिका की यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर वह 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं।

### दुबारा योजना लेने के लिये गलत दबाब बना रहे थे सदस्य बीडीओ, दो दिनों के भीतर होगा भुगतान

# 15 वें वित्त की लंबित योजनाओं का भुगतान की बातें सुनते ही बैठक छोड़ निकले बीडीओ

**पंचायत समिति के सदस्यों में बीडीओ की इस रवैया से भारी आक्रोश, डीसी से बीडीओ की शिकायत करेंगे पंचायत समिति सदस्य**

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर पंचायत समिति की बैठक से बीडीओ को बीच में ही उठकर चले जाने से समिति के सदस्यों में घोर आक्रोश है। प्रमुख व उपप्रमुख ने इसकी शिकायत जिले के डीसी से करने की बातें कही है। जबकि बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने इस बाबत बताया कि जो सदस्य पहले योजना ले लिये हैं वही पुनः योजना लेने के लिये दबाब बना रहे थे। जहां तक लंबित भुगतान की बातें हैं उसे जांचकर जल्द ही भुगतान करा दिया जायेगा। प्रखंड प्रमुख रम्भा कुमारी व उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि सोमवार को आयोजित



पंसस की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में कहा गया कि 15 वें वित्त की राशि से ली गयी योजनाओं में भुगतान लंबित है। लंबित भुगतान करने की बातें सुनकर बीडीओ बैठक से निकलकर चले गये। उनके इस व्यवहार से सदस्यों में आक्रोश है। प्रमुख व उपप्रमुख ने इसकी शिकायत डीसी, डीडीसी व एसडीएम से करने की बातें कही है। वहीं बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि जो सदस्य पहले योजना ले चुके हैं वही पुनः लेने के लिये अनाधिकृत रूप से दबाब बना रहे थे। जबकि उनका कहना था कि जिन सदस्यों को पहले योजना नहीं मिली है उन्हें पहले उसका लाभ देने के बाद ही बची राशि से योजना ली जायेगी। लेकिन कुछ सदस्य वैसा नहीं कर दुबारा लाभ लेने की फिराक में थे। विलंब से शुरू हुई बैठक में मात्र सात सदस्य ही उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि 15 वें वित्त की राशि पर सभी सदस्यों का सामान अधिकार है। जहां तक लंबित भुगतान की बात कही जा रही है फाईल बढ़ी है जांच कर जल्द ही भुगतान करा दिया जायेगा।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)